SHRIMATI S.G. INDIRA: Sir, it has been mentioned in the reply that this scheme is for providing self-employment opportunities to unemployed educated youth. My supplementary is quite simple. At the time of providing loans, will the Ministry come forward to give priority to women applicants and to unemployed educated persons?

श्री महावीर प्रसाद: माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहता हूं कि यह जो हमारे पढ़े-लिखे युवक बेकार हैं, इनके लिए अलग से एक हमारी योजना चल है जिसको हम पी॰ एम॰ आर॰ वाई॰ कहते हैं और प्राइम मिनिस्टर रोजगार योजना के आधार पर 22 लाख यूनिट्स की स्थापना की गई है। जिसमें लगभग 14 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी हमने दिया है और 34 लाख लोगों को हमने इसमें रोजगार दिया है। मैं कोशिश यह कर रहा हूं कि महिलाओं के प्रति, शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के प्रति तथा अन्य पिछड़े वर्गों की सरकार मदद करें। महोदय, सरकार ने इस प्रकार की व्यवस्था की है।

श्री रुद्रनारायण पाणि: धन्यवाद सभापति महोदय। आज सबसे छोटा दिन है और मैं एक छोटा आदमी हूं तथा मेरा एक छोटा सवाल है। महोदय, एक शार्ट क्वेश्चन है। पिछले 1.5 साल के अंदर रेलवे ने कितना खादी खरीदा है और किन-किन संस्थाओं से खरीदा है? यह मैं जानना चाहता हूं।

श्री महावीर प्रसाद: माननीय सभापति महोदय, यह माननीय सदस्य उड़ीसा से आते हैं, यह बड़े विद्वान हैं, इनके अंदर वाकपटुता बहुत है, यह मैं देखता हूं। मैं अलग से इनको सूचना भिजवा दूंगा कि कितना खादी खरीदा गया है।

श्री सभापति: ठीक है, ठीक है।

Investment in WI-MAX infrastructure

*427. SHRI DHARAM PAL SABHARWAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether Bharat Sanchar Nigam Ltd. (BSNL) and MTNL are planing to invest in WI-MAX infrastructure;

(b) if so, the total investment being planned in this sector; and

(c) what are the services and applications that can be offered on WI-MAX technology?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI DAYANIDHI MARAN): (a) to (c) A Statement is laid on the table of the House.

Statement

(a) Yes, Sir. BSNL and MTNL are planning to invest in WI-MAX infrastructure on pilot basis.

(b) MTNL is planning to invest Rs. One crore to deploy WI-MAX infrastructure in Delhi and Mumbai. BSNL has planned investment of about Rs. 1.8 crore on WI-MAX pilot pro ject planned in ten cities/towns.

(c) The services and applications that can be offered on WI-MAX technology are as follows:—

- High speed wireless access;
- Broadband services on wireless;
- Internet leased line connectivity;
- Public Switched Telephone Network (PSTN) Service;
- Backhaul to DSLAM which is used to provide broadband service to customer through the fixed line;
- Backhul to Wi-Fi Access Points.

श्री धर्मपाल सभ्रवाल: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि बी॰ एस॰ एन॰ एल॰ की दस शहरों/नगरों के लिए डब्ल्युआई-एमएएक्स प्रायोगिक परियोजना पर लगभग 1.8 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है, तो क्या इनमें कोई शहर या कस्बा पंजाब का कभी है? यदि है, तो उसका क्या नाम है? कृपया इन दस शहरों और कस्बों के नाम भी बताने की कृपा करें।

SHRI DAYANIDHI MARAN: Sir, I will send the specific details to the hon. Member.

श्री धर्मपाल सभ्रवाल: सभापति महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि इन दस शहरों के नाम क्या हैं? क्या इनके नाम भी बाद में बतायेंगे या साथ में ले करके आये हैं? मेरा यह छोटा- सा क्वेश्चन था कि सरकार यह पैसा कौन-से शहरों पर खर्च कर रही है?

SHRI DAYANIDHI MARAN: Right now we are doing in Delhi. The plan is for Delhi and Mumbai. We are planning for 10 more cities. As for the details of the cities, I will write to the hon. Member.

एम॰ सी॰ एल॰ द्वारा रीक्लेम की गई भूमि

*428. **श्री सुरेन्द्र लाठ:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विगत 10 वर्षों में कोयले के उत्खनन के बाद कितनी भूमि भराव एवं पटाव करके रीक्लेम की गई है;